नरेन्द्र सिंह तोमर
NARENDRA SINGH TOMAR

सत्यमेव जयते

ग्रामीण विकास,
पंचायती राज, खान तथा संसदीय कार्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली
MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT,
PANCHAYATI RAJ, MINES AND
PARLIAMENTARY AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI

D.O.No.F.15/45/2015—NeVA 28 **फरवरी, 2019**

प्रिय श्री राजेन्द्र सूर्यप्रसाद त्रिवेदी जी,

जैसा कि आपको ज्ञात ही है कि NeVA (नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन), डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक राष्ट्रीय स्तर की परियोजना है, जो भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने की दृष्टि में एक और कदम है। संसदीय कार्य मंत्रालय को हिमाचल प्रदेश विधान सभा की तर्ज पर सभी 31 राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन को बढ़ावा देने और रोल आउट करने के लिए नोडल मंत्रालय के रूप में नामांकित किया गया है। इस संबंध में, राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यशाला और विभिन्न राज्य स्तरीय कार्यशालाओं के साथ-साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सत्रों के माध्यम से विधानसभा कर्मियों और विभिन्न विधानसभाओं / सरकार के अधिकारियों/ विभागों को नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के विभिन्न विशेषताओ से परिचित कराया गया है । हम इस परियोजना के लिए आपकी सकारात्मक प्रतिक्रिया और उत्साह की सराहना करते हैं, जिसकी वजह से ही यह परियोजना इस मुकाम तक पहुच सकी है।

NeVA, जैसा कि आप सभी जानते हैं, सदस्य केंद्रित, डिवाइस न्यूट्रल और उपयोगकर्ता के अनुकूल ऐप है, जिसका उद्देश्य सभी विधायकों को विभिन्न सदनों की कार्यवाही को संभालने के लिए स्मार्ट तरीके से लैस करना है, ताकि मोबाइल डिवाइस / टैबलेट में उनके द्वारा आवश्यक पूरी जानकारी उपलब्ध हो सके। । यह एक स्टैंडअलोन जेनेरिक डिजिटल एप्लिकेशन है जो एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। यह नेशनल क्लाउड-मेघराज पर होस्ट किया गया है और सभी 40 सदनों के लिए रखरखाव, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का ध्यान रखा गया है। नेवा का उपयोग सभी 40 सदन और इनके सदस्यों द्वारा किया जा सकता है। NeVA मोबाइल एप्लिकेशन मंत्रियों / सदस्यों को सदन में रखे जाने वाले सवालों उनके जवाबो और अन्य सभी विवरण सहित सदन की संपूर्ण कार्यवाही के दौरान सुविधा प्रदान करेगा।

यह एप्लिकेशन सदन की गतिविधियों के अतिरिक्त सभी सदस्यों और अन्य हिताग्रहियो की जानकारी के लिए समय-समय पर विधानसभाओं द्वारा जारी किए जाने वाले नोटिस, बुलेटिन जैसी सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करता है। यह सराहनीय है कि अधिकांश राज्यों ने इस एप्लिकेशन को अपनाया है और पूरे जोश के साथ इस पर कार्य कर रहे हैं। उनमें से कई ने अच्छी प्रगति की है। इस परियोजना को और मजबूत करने के लिए, विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में अपने सचिवालय के अधिकारियों, एनआईसी व विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए 11 राज्यों में दो दिवसीय

Office : 'G' Wing, Ground Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001
Tel.: 011-23782373, 23782327 Fax: 011-23385876
Office : Room No. 15, Parliament House, New Delhi-110001
Tel.: 011-23017780, 23017798, 23018729, Fax : 011-23792341
Resi.: 3, Krishna Menon Marg, New Delhi-110001
Ph.: 011-23794697 / 98, Fax: 011-23794696

नरेन्द्र सिंह तोमर
NARENDRA SINGH TOMAR

सत्यमेव जयते

ग्रामीण विकास,
पंचायती राज, खान तथा संसदीय कार्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली
MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT,
PANCHAYATI RAJ, MINES AND
PARLIAMENTARY AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI

प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित की गई। पंजाब, तेलंगाना, कर्नाटक, सिक्किम, बिहार, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कोलकाता और असम इन सभी राज्यों में प्रतिभागियों द्वारा बहुत उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया।

विभिन्न परिवर्तनों और संशोधनों के साथ मोबाइल एप्लिकेशन एवं वेब एप्लिकेशन (NeVA ver 2.0) के नए संस्करण को विकसित किया है। NeVA की सुरक्षित साइट (https://neva.gov.in) में NeVA डैशबोर्ड के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के लिए विशिष्ट डैशबोर्ड एवं अलग-अलग लिंक / सुविधाओं को शामिल कर इसे अधिक गतिशील और इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म बनाया गया है।

एक बार फिर से हम इस परियोजना के प्रति आपके सहयोगात्मक और सकारात्मक मनोभाव के लिए आप सभी की सराहना करना चाहते हैं और आपसे यह भी अनुरोध करेंगे कि आप NeVA वेबसाइट और मोबाइल ऐप के नवीनतम संस्करण का उपयोग अपने सदनों की कार्यवाहियों में करेंगे व सचिवालय के अन्य अधिकारियों को भी इसके प्रयोग एवं पिछले सत्रों की जानकारी को NeVA वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर उपलब्द करने के लिए प्रेरित करेंगे। । यह मंत्रालय आपकी सहायता व सहयोग के लिए हर तरह से तत्पर है।

सादर,

भवदीय,

(signature)

(नरेंद्र सिंह तोमर)
28/2/19

श्री राजेन्द्र सूर्यप्रसाद त्रिवेदी,
माननीय अध्यक्ष,
गुजरात विधान सभा,
गांधीनगर-382020

Office : 'G' Wing, Ground Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001
Tel.: 011-23782373, 23782327 Fax: 011-23385876
Office : Room No. 15, Parliament House, New Delhi-110001
Tel.: 011-23017780, 23017798, 23018729, Fax : 011-23792341
Resi.: 3, Krishna Menon Marg, New Delhi-110001
Ph.: 011-23794697 / 98, Fax: 011-23794696